an>

title: Need to start Ambaradi Safari Park in Gujarat.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : हर साल सासन गिर फॉरेस्ट (गुजरात) में चार से पॉंच लाख पर्यटक आते हैं। पर्यटकों की बढ़ती हुई संख्या को ध्यान में रखकर एक अन्य सफारी पार्क, देवेलिया सफारी पार्क का निर्माण किया गया जो सासन गिर फॉरेस्ट के निकट स्थित है। यह पार्क में आने वाले पर्यटकों को पूरी तरह से रोमांचित तो करता ही है, साथ ही साथ गुजरात के गिर शेरों के रहन-सहन के वातावरण से भी परिचित करवाता है। इसी कारण से यहाँ आने वाले पर्यटकों की संख्या में काफी इजाफा हो रहा है जिसके लिए गुजरात फॉरेस्ट विभाग ने एक नई योजना के अन्तर्गत सासन गिर फॉरेस्ट के नजदीक अम्बराडी में एशियाई शेरों का सफारी पार्क बनाने की पहल की जो अमरेली जिले में अवस्थित है।

अम्बराडी सफारी पार्क में सोमनाथ, दियू से वाया तुलसी श्यामनगर व गुजरात के अन्य पर्यटक स्थलों पर आसानी से पहुँचा जा सकता है। अम्बराडी सफारी पार्क की सभी जरूरी औपचारिकताएं पूर्ण हो चुकी हैं। जैसे शेरों व अन्य जानवरों के रहने की उपयुक्त व्यवस्था, सफारी पार्क की चारदीवारी का निर्माण, आने वाले पर्यटकों के लिए सभी प्रकार की जरूरी व्यवस्थाएं पूर्ण हो चुकी हैं। इस योजना को शुरू करने से पहले फॉरेस्ट विभाग ने केन्द्रीय जू प्राधिकरण (सेन्ट्रल जू अथॉरिटी) के पास इस योजना को अनुमोदन हेतु भेजा था जिसे कुछ शर्तों के साथ मान लिया गया था, जिसको बाद में माननीय उच्चतम न्यायालय में अनुमोदित कर दिया था। सभी शर्तों को मान लेने के बाद केन्द्रीय जू प्राधिकरण ने फिर से उस पर आपत्तियाँ लगा दा,ळ जिनका बाद में निदान कर लिया गया है।

अतः मेरा माननीय पर्यटन मंत्री जी से अनुरोध है कि पर्यटकों और पर्यटन से जुड़े लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए अम्बराडी सफारी पार्क को जल्दी से जल्दी शुरू किया जाए।